भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं० 2953
दिनांक 11.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

नल से जल की आपूर्ति

2953. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यूनिसेफ एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2000 एवं 2017 के बीच नल से जल की आपूर्ति की सुविधा पाने वाले लोगां की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (ग) जी नहीं। “पेयजल, स्वच्छता तथा व्यक्तिगत साफ-सफाई की प्रगति- 2017” पर यूनीसेफ और डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2015 के बीच नल जलापूर्ति का उपयोग करने वाली आबादी 3.5 बिलियन से बढ़कर 4.7 बिलियन तक हो गई है।